# जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 09.07.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 09.07.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0बी0 त्यागी, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 सूरजभान, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
7. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. इं0 अनिल कुमार शाह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
9. श्री विनोद कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
10. श्री करूणानिधी पाण्डेय, विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
11. इं0 श्रीनिवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

**अवर जलाशय की प्रगतिः–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 211 नग अवर जलाशय पूर्ण किये जा चुके है जिसमें से 156 नग अवर जलाशय से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि तत्काल डी0आई0 फिटिंग की टीम बढ़ाना सुनिश्चित करें एवं अधिशासी अभिंयता, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 से समन्वय बनाते हुए अवशेष अवर जलाशय के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शत्–प्रतिशत पूर्ण कराते हुए समस्त अवर जलाशय से नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) की प्रगतिः–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत गृह पेयजल संयोजन के निर्धारित लक्ष्य 259933 नग के सापेक्ष अब तक 252770 नग (97.24%) संयोजन किये गये हैं। गृह पेयजल संयोजन की धीमी प्रगति के कारण जनपद की रैंक सी0एम0 डैशबोर्ड में 08 मार्क के साथ बी ग्रेड ही प्राप्त हुई है जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि नियमित समीक्षा कर गृह पेयजल संयोजन की प्रगति को बढ़ाते हुए जनपद की रैंक में सुधार करना सुनिश्चित करेगें।

**सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः–** अद्योहस्ताक्षरी को मा0 जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान द्वारा प्रायः शिकायते प्राप्त हो रही हैं कि ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु बिछायी गई पाइप लाइन/वितरण प्रणाली हेतु काटी/क्षतिग्रस्त की गई सड़कें कई माह तक खुदी पड़ी रहती हैं जिससे आम जनमानस को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है एवं दुर्घटना की भी सम्भावना बनी रहती है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा सहायक अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक खण्ड विकास अधिकारी (पंचायत) से समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण करायेगें। साथ ही विकास खण्ड घिरोर, करहल व बेवर में क्रमशः वाउण्ड्रीवॉल, ग्रह पेयजल संयोजन, अवर जलाशय व सड़क मरम्मत की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए सम्बन्धित सहायक अभियन्ता को प्रगति बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**मशीनरी/मैनपावरः–** डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद की निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर लगभग 502 मैनपावर उपलब्ध है तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी/मैटेरियल आदि उपलब्ध कराते हुए अवर जलाशय से नियमित पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेगें, जिससे हर घर जल प्रमाणीकरण एवं योजना हस्तान्तरण की प्रगति को बढाया जा सके एवं योजना के कार्यों को ससमय पूर्ण किया जा सके जिस पर कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के सयुक्त महाप्रबन्धक द्वारा अतिरिक्त 500 मैनपावर अवर जलाशय एवं 300 मैनपावर ग्रह पेयजल संयोजन पर एक सप्ताह के अन्दर बढ़ाने की सहमति दी गयी।

letter- 31272 (B)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

**डी०पी०एम०यू०:–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा डी०पी०एम०यू० जिला समन्वयक को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ स्टॉफ का फालोअप और प्रत्येक कर्मचारी द्वारा अपने कार्यों का अंकन डायरी में किया जाये, साथ ही समस्त कर्मचारियों की डायरी का समय–समय पर अवलोकन करना सुनिश्ति करेगें।

**टी०पी०आई०:–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन (टी०पी०आई०) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों यथा– बाउण्ड्रीवॉल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, सड़क पुर्नस्थापना आदि प्रत्येक कम्पोनेन्ट पर मानकानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेगें एवं अपने अधीनस्थ स्टाफ द्वारा दी गयी फील्ड रिपोर्ट का फोलोअप और प्रत्येक कर्मचारी द्वारा अपने कार्यों का अंकन डायरी में किया जाये, साथ ही समस्त कर्मचारियों की डायरी का समय–समय पर अवलोकन करना सुनिश्ति करेगें।

**समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।**

अनुमोदित

(नेहा बन्धु)
आई०ए०एस०
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

अधिशासी अभियंता
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।**

पत्रांक– 5071 / [handwritten] / 30 दिनांक– 28-7-2025

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
5. डी०पी०एम०यू० जिला समन्वयक संयुक्त महाप्रबन्धक, एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद।
6. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. डी०पी०एम०, टी०पी०आई०, मैनपुरी।
8. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
9. विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।

अधिशासी अभियंता

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner